# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

**पीठासीन अधिकारी :– सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस.)**

**राजस्व प्रकरण संख्या :– 108 / 2025** | **जी.सी.एम.एस. नम्बर :– 2025 / 224**
**दायर दिनांक :– 23.05.2025** | **निर्णय दिनांक :– 19.08.2025**

1. नरपतसिंह पुत्र जेठूसिंह जाति राजपूत निवासी कांकाणी तहसील व जिला जोधपुर

**–प्रार्थी**

**बनाम**

1. भंवरलाल पुत्र हरचंद जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
2. चावली पत्नी बगडूराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
3. प्रकाश पुत्र बगडूराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
4. महीराम पुत्र बगडूराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
5. सुनिल कुमार पुत्र बगडूराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
6. सियाराम पुत्र बगडूराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
7. बाबुराम पुत्र हरूराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
8. रामकिशन पुत्र हरूराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
9. अशोक पुत्र दयाराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
10. एलचीदेवी पत्नी सहीराराम जाति विश्नोई निवासी बीरमनगर तहसील बाप जिला फलोदी
11. गवरी पत्नी गोरधन जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
12. छोटू पुत्र काछबा जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
13. दयाराम पुत्र प्रहलादराम गोद पुत्र उदाराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
14. निर्मल पुत्र लालु जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
15. पूनाराम पुत्र बलवन्ताराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
16. प्रहलाद पुत्र मुगला जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
17. पालूदेवी पत्नी बगडूराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
18. बगडूराम पुत्र हरजीराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
19. बुधराम पुत्र बलवंताराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
20. भंवरूराम पुत्र लालुराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
21. भागीरथ पुत्र लालुराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
22. मगनाराम पुत्र हरजीराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
23. मनोहरराम पुत्र बलवन्ताराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
24. मनोहरलाल पुत्र सालूराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी

19/8/25

25. मांगीलाल पुत्र पांचाराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
26. मांगीलाल पुत्र पांचाराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
27. मालाराम पुत्र हरजीराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
28. रूगनाथराम पुत्र गोरधन जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
29. राधाकिसन पुत्र दयाराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
30. रामकिशन पुत्र छोटू जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
31. लाछी पत्नी बलवन्ताराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
32. लालू पुत्र काछबा जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
33. श्रीकिसन पुत्र दयाराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
34. सुखाराम पुत्र बलवन्ताराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
35. सुरतराम पुत्र गोरधन जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
36. सरस्वती पुत्री लालु जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
37. सहीराराम पुत्र लालु जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
38. सोहनराम पुत्र बलवन्ताराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
39. हजारीराम पुत्र बलवन्ताराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
40. हीराराम पुत्र छोटू जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
41. देवेन्द्रप्रतापसिंह चाम्पावत पुत्र परबतसिंह जाति राजपूत निवासी बाप तह. बाप जिला फलोदी
42. नरपतसिंह पुत्र जेठूसिंह जाति राजपूत निवासी कांकाणी तहसील व जिला जोधपुर
43. मनोहरसिंह पुत्र गुमानसिंह जाति राजपूत निवासी गुमानपुरा तह. देचू जिला फलोदी
44. भंवरूराम पुत्र बलवन्ताराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
45. मांगीलाल पुत्र सालुराम जाति विश्नोई निवासी कानासर तहसील बाप जिला फलोदी
46. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार बाप तहसील बाप जिला फलोदी

**—अप्रार्थीगण**

**राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम**

**उपस्थित :—1.** श्री राजेन्द्रसिंह सोंलकी अधिवक्ता प्रार्थी
2. पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप

**—:: निर्णय ::—**

प्रार्थी ने राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम, 1956 का इस आशय से पेश किया है कि प्रार्थी की खातेदारी अधिकारों की कब्जा काश्त की भूमि खेत खसरा नम्बर 924/1 रकबा 6.3778 हैक्टेयर ग्राम कानासर पटवार हल्का कानासर तहसील बाप जिला फलोदी (राज.) की सरहद में स्थित है। जमाबन्दी व राजस्व भू—नक्शा की वर्तमान प्रतिलिपि संलग्न प्रार्थना पत्र पेश है। उक्त खसरा के पैमाईश आवेदन पर तहसीलदार बाप द्वारा

17/1/25

दिनांक 16.04.2025 को जारी आदेश कम संख्या 17 की पालना में दिनांक 28.04.2025 को हल्का पटवारी द्वारा मौके पर पहुंच कर मुस्तकिल बिन्दु से पैमाईश कर मौका पर ही फर्द पैमाईश तैयार कर मौतबीरान के रूबरू प्रार्थी तथा पड़ौसी खातेदारान को सीमा ज्ञान करवाया गया तथा सीमा चिह्न कायम किये गये। दिनांक 28.04.2025 को हल्का पटवारी द्वारा प्रार्थी के उक्त खसरे की पैमाईश कर कायम किये गये सीमा चिन्हो (फर्द नजरी नक्शा) के अनुसार प्रार्थी द्वारा वर्षा ऋतु के मध्यनजर अपने उक्त खसरे की सीमाओं पर फसल, घास, पाला आदि की सुरक्षा के लिए पत्थर की पट्टियां रोपकर बाड़, तारबन्दी इत्यादि करना शुरू करने पर अप्रार्थीगण सं. 1 ता 45 द्वारा व्यवधान पैदाकर प्रार्थी को तारबंदी नहीं करने दे रहे है। प्रार्थी की उक्त भूमि की बाड़, तारबंदी नहीं हो पाने से प्रार्थी अपनी फसल, घास, पाला इत्यादि की सुरक्षा पत्थर की पट्टिया रोपकर तारबंदी, जाली नहीं कर पाने से प्रार्थी को अत्यधिक आर्थिक नुकसान हो रहा है। प्रार्थी अपनी उक्त भूमि की मौका फर्द दिनांक 28.04.2025 के माफिक सीमा पर पत्थरगढी करवाने का कानूनन अधिकारी है, जिसका यह प्रार्थना पत्र पत्थरगढी करवाने का पेश है।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली गयी ओर प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये रजिस्टर्ड डाक के नोटिस से तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 46 पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप ने जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 ता 45 की और से कोई उपस्थित नहीं आये लिहाजा एक पक्षीय कार्यवाही की गई। पत्रावली बहस में रखी गई।

अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए बताया कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम कानासर पटवार हल्का कानासर तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 924/1 रकबा 6.3778 हैक्टेयर स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थी का अपने अपने हिस्से पर कब्जा व काश्त आज दिन तक लगातार शांतिपूर्वक चला आ रहा है उक्त भूमि के चारों ओर तारबंदी नहीं होने की वजह से प्रार्थी द्वारा की जा रही काश्त को आवारा पशुओं द्वारा नष्ट किया जा रहा है जिससे प्रार्थी को अपूरणीय क्षति हो रही है। इसलिये उक्त भूमि पैमाईश फर्द दिनांक 28.04.2025 अनुसार अपनी हद में पत्थरगढी किये जाने के आदेश फरमावे।

अधिवक्ता प्रार्थी एवं पैरोकार सरकार की बहस सुनी गई बहस पर मनन किया गया तथा उपलब्ध दस्तावेजीय साक्ष्य का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत जमाबन्दी, नक्सा ट्रेस एवं मौका फर्द का अवलोकन किया गया। प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम कानासर पटवार हल्का कानासर तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 924/1 रकबा 6.3778 हैक्टेयर स्थित है। प्रार्थी वादग्रस्त भूमि का खातेदार है रेकर्डेड खातेदार को अपनी खातेदारी भूमि की पत्थर गंढी करवाने का पूर्ण अधिकार है। इसलिए प्रार्थी पैमाईश फर्द दिनांक 28.04.2025 अनुसार पत्थरगढी करवाने के हकदार है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दस्तावेजात से साबित होने के कारण स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

7/8/25

## आदेश

प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है कि ग्राम कानासर पटवार हल्का कानासर तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 924/1 रकबा 6.3778 हैक्टेयर भूमि की पत्थर गड्ढी मौका फर्द दिनांक 28.04.2025 अनुसार पड़ोसी खातेदारों को सूचित करते हुवे किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रार्थी द्वारा नियमानुसार शुल्क अदा किये जाने पर तहसीलदार बाप उक्त आदेश की पालना में विधिवत पत्थर गडढी करवावे। अगर आवश्यकता हो तो शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस इमदाद प्राप्त की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर, दर्ज नम्बर से कम हो, बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 19.08.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

19/8/25

(सुखाराम पिण्डेल, R.A.S.)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)